भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

* * *

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1025

(दिनांक 08.02.2023 को उत्तर के लिए)

भारतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग

1025. डॉ. कलानिधि वीरास्वामी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि देश में अन्य सिविल सेवाओं जैसे आईएएस, आईएफएस, आईपीएस आदि की तर्ज पर भारतीय चिकित्सा सेवा (आईएमएस) संवर्ग शुरू करने की अत्यन्त आवश्यकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(ख) क्या सरकार को यह जानकारी भी है कि महामारी ने स्वास्थ्य कर्मियों के महत्व को स्वास्थ्य संस्थाओं के साथ-साथ सरकार के स्तर पर भी सिद्ध कर दिया था;

(ग) क्या सरकार को यह जानकारी भी है कि आईएमएस की शुरुआत एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है क्योंकि इससे स्वास्थ्य परियोजनाओं की सफलता में वृद्धि करने, नीति निर्धारण करने और बीमारियों से लड़ने के लिए दिशा देने हेतु कुशल स्वास्थ्य सेवा प्रबंधक उपलब्ध होंगे;

(घ) क्या सरकार देश में आईएमएस संवर्ग की शुरुआत करने की योजना बना रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (ङ) : स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग से एक भारतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा बनाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। जांच करने पर यह पाया गया कि उक्त प्रस्ताव हेतु राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के साथ विचार विमर्श करना आवश्यक है और इसे उक्त उद्देश्य हेतु विभाग को वापस भेज दिया गया।

*****